# गंगा दशहरा पर जिले में कई आयोजन

## बांदकपुर की प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता, दीपोत्सव व महाआरती



**नवभारत,दमोह.** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल व छात्र सर्व कल्याण समिति द्वारा देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में स्थित अति प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता, श्रमदान, दीपोत्सव व मां गंगा की संगीतमय महाआरती का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आवाहन पर आयोजित हुआ.संध्या आरती के दौरान डमरू दल के युवाओं ने डमरू वादन कर मां गंगा की आराधना की, वहीं महर्षि एवं संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का आवाहन किया.

मंदिर के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक,बांदकपुर पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, समाजसेवी राम गौतम, कार्यक्रम संयोजक कृष्णा पटैल व शंकर गौतम ने बावड़ी का पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.इस अवसर पर अदिति मिश्रा, आशी मिश्रा, आकांक्षा परोहा व सृष्टि गौतम द्वारा गंगा दशहरा की आकर्षक रंगोली बनाई गई तथा कलश पूजन किया गया.देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने कहा कि गंगा दशमी के शुभ अवसर पर आयोजित यह गंगा आरती क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है. शिव भक्त शंकर गौतम,कृष्णा पटेल ने कहा कि बांदकपुर की यह प्राचीन बावड़ी क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान है और भविष्य में जब बांदकपुर धाम का कॉरिडोर तैयार होगा, तब यह बावड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी.कार्यक्रम में पंडित वीरेंद्र पुरोहित, तुलसीराम तिवारी,राजकुमार सेन, राजेंद्र गर्ग,अंशु दुबे, सिद्धांत गौतम,विनय असाटी,अदिति मिश्रा, आशी मिश्रा, आकांक्षा परोहा,सृष्टि गौतम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व भक्त मंडल रहें।



## ब्यारमा नदी तट पर हुई मां गंगा की आरती

**नवभारत,दमोह।** गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर ग्राम जुझार में ब्यारमा नदी तट पर मां गंगा की आरती की गई.मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवांकुर संस्था उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुझार द्वारा जल सेवा समागम का आयोजन हुआ.कार्यक्रम की शुरुआत राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में जल चौपाल से हुई।इसके बाद मंदिर से ब्यारमा नदी तक कलश यात्रा निकाली गई.



## निवाई माफी में गंगा दशहरा पर हुआ गंगा पूजन निकली कलश यात्रा, जल संरक्षण की दिलाई शपथ

**नवभारत,हटा/दमोह.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा राज्य शासन के निर्देश पर प्रदेशभर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर 26 मई 2026 को विकासखंड हटा के सेंवटर हिनोता कलां अंतर्गत ग्राम निवाई माफी में कार्यक्रम आयोजित किए गए. विकासखंड समन्वयक श्रीमती पुष्पा सिंह ने जल संगोष्ठी में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण, संवर्धन व पानी का संचय अत्यंत आवश्यक है. इसके बाद नवांकुर संस्था के संचालक सुरेश कुमार नामदेव ने उपस्थित समुदाय को जल संरक्षण की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित राजेंद्र उपाध्याय, ग्राम पंचायत सचिव राजेश पटेल, पंडित संजय ज्योतिषी, पंडित नरेंद्र नायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता विश्वकर्मा, लक्ष्मी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.



## फुटेरा तालाब में आयोजित हुआ स्वच्छता अभियान

**नवभारत,दमोह.** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्राचीन फुटेरा तालाब परिसर में महर्षि अरविंद विमुक्त घुमंतु एवं अर्धघुमंतु कल्याण समिति, दमोह द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के अंतर्गत तालाब में विधिवत पूजन-अर्चन किया गया तथा श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मां गंगा आरती संपन्न हुई. कार्यक्रम में जन अभियान परिषद दमोह के जिला समन्वयक सुशील नामदेव, समिति के जिला संयोजक इंद्र कुमार, महाकौशल प्रांत के प्रांत टोली सदस्य अरविंद, राजन ताम्रकार व आचार्य ताम्रकार जी की विशेष उपस्थिति रही. इसके अतिरिक्त दमोह में निरंतर स्वच्छता जागरूकता व सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली टीम उम्मीद के सदस्य डोली कटारे, रश्मि कोरी व बृजेश सेन ने अभियान में सहभागिता करते हुए श्रमदान किया.

# भीषण गर्मी में लू से बचाव बेहद जरूरी

### डॉ. आरआर बागरी ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की




**कुम्हारी नवभारत 26 मई। लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के बीएमओ डॉ. आरआर बागरी ने नागरिकों से सतर्क रहने और लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है।**

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पारा लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है। डॉ. बागरी ने बताया कि लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। प्यास न लगने पर भी हर आधे से एक घंटे में थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। उन्होंने ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी, नारियल पानी और बेल के शरबत जैसे ठंडक देने वाले पेय पदार्थों का नियमित सेवन करने की सलाह दी।

### खाली पेट घर से बाहर नहीं निकलें

उन्होंने कहा कि खाली पेट घर से बाहर नहीं निकलें और बाहर जाने से पहले कुछ खाकर व पर्याप्त पानी पीकर ही निकलें। चाय, कॉफी, अत्यधिक मीठे पेय और शराब के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ सकती है। बीएमओ ने मौसमी फलों जैसे तरबूज, खरबूजा, ककड़ी और खीरा को आहार में शामिल करने की सलाह दी, क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है और शरीर को ठंडक मिलती है।

# खुदाई के दौरान मिले 103 चांदी के सिक्कों की कीमत 309000 रूपये



**नवभारत,दमोह।** कोतवाली पुलिस ने फुटेरा वार्ड-03 में भवन निर्माण के दौरान मिली चांदी के सिक्कों को जप्त करने की कार्रवाई की है.24 मई 2026 को थाना कोतवाली को सूचना मिली कि आलोक कुमार सोनी निवासी फुटेरा-03 के पुराने मकान के निर्माण कार्य के दौरान चांदी के सिक्के मिले हैं.सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन,अति.पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम तत्काल मौके पर पहुंची.घटनास्थल पर तहसीलदार रॉबिन जैन, रघुनंदन चतुर्वेदी भी मौजूद थे. आलोक सोनी को बुलाकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि निर्माण के दौरान चांदी के 42 सिक्के मिले थे, जिन्हें उसने प्रस्तुत किया. सख्ती से पूछताछ व तलाश करने पर 60 और चांदी जैसी धातु के सिक्के पेश किए गए.साथ ही पात्र में एक सिक्का जप्त किया। पुलिस ने कुल 103 सिक्कों को विधिवत गवाहों के समक्ष जप्ती पत्रक में जप्त किया.

संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई और जप्ती पत्र-पंचनामा तैयार किया गया. जप्त सामग्री को नायब तहसीलदार व पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में सुरक्षित किया गया.पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. सिक्को की कीमत 30 लाख 9000 और पात्र की कीमत 500 रूपये बताई गई है.





## फिट इंडिया मूवमेंट के तहत हॉकी दमोह ने आयोजित की 75वीं संडे साईकिल रैली

**नवभारत,दमोह.** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत 24 मई 2026 को हॉकी दमोह द्वारा 75वें संस्करण में संडे साइकिल दौड़ का आयोजन किया गया. हॉकी इंडिया के दिशानिर्देशन व हॉकी मध्य प्रदेश के महासचिव लोकबहादुर के निर्देश पर स्टेडियम मैदान से साइकिल रैली का शुभारंभ हुआ.भारत सरकार के भारतीय खेल प्राधिकरण साई,हॉकी इंडिया और हॉकी मध्य प्रदेश के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में हॉकी दमोह के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.समापन अवसर पर हरिशंकर यादव, राजेश सालोमन एवं विजय ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और फिटनेस व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के सुझाव दिए.आयोजन पर तरुण नामदेव ने आभार व्यक्त किया.हॉकी दमोह की ओर से सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया.

# प्रेरणा उत्सव टीम का सेमलखेड़ी में हुआ सम्मान

**6 माह तक 200 घरों में हुआ श्री तारण त्रिवेणी पाठ, विश्व शांति की हुई कामना**



**नवभारत,दमोह।** तारण तरण मंडलाचार्य महाराज की तप स्थली सेमलखेड़ी में रत्नत्रय महोत्सव के आयोजक परिवार व तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा प्रेरणा उत्सव टीम का अभिनंदन किया गया। टीम ने विश्व शांति हेतु श्री तारण त्रिवेणी पाठ को घर-घर उत्सव, हर घर उत्सव के माध्यम से लगभग 200 घरों में प्रतिदिन 6 माह तक आयोजित कराया। प्रेरणा टीम के संयोजक भूपेंद्र जैन ने बताया कि तारण तरण जैन समाज में यह पहला उत्सव रहा जो 1 नवंबर से 30 अप्रैल तक प्रत्येक परिवार में विश्व शांति की मंगल कामना के रूप में चला।सेमलखेड़ी में बाल ब्रह्मचारी धर्मेंद्र भैया के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रेरणा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शास्त्री श्वेता रमेश जैन पथरिया व विशेष भूमिका हेतु अर्चना भूपेंद्र जैन को सम्मानित किया गया।पूर्व में सूखा जी में आयोजित समापन समारोह में दयाचंद जैन तेंदूखेड़ा, राजेश जैन पथरिया के प्रयासों से सभी 200 परिवारों को सम्मानित किया गया था।इसी क्रम में शोभा जैन फुटेरा,हरिबाई बटियागढ़, श्रद्धा जैन पथरिया, संतोष रानी आदि को भी सम्मानित किया गया.

## एसडीओपी तेंदूखेड़ा ने हाथीघाट में फटाखा फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**नवभारत,दमोह.** एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर ने तेजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीघाट हरदुआ स्थित फटाखा फैक्ट्री का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में लगे अग्निशमन यंत्रों को चालू कराकर देखा गया,जो सुचारू रूप से कार्य कर रहे थे. स्टॉक रजिस्टर व स्टॉक रूम की भी जांच की गई. वर्तमान में फैक्ट्री में कोई विस्फोटक सामग्री का स्टॉक नहीं पाया गया.एसडीओपी ने फैक्ट्री संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.





## हटा बड़ा बाजार में तीन दुकानों में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान, दमकल ने पाया काबू

**नवभारत,दमोह. हटा बड़ा बाजार क्षेत्र में मंगलवार को अचानक तीन दुकानों में आग लग गई.आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में तीनों दुकानें जलकर खाक हो गई.**

सूचना मिलते ही हटा नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र खरे, हटा पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचे. दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायातब तक दुकानों में रखा सामान पूरी तरह जल चुका था.प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है.आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है.हटा पुलिस मामले की जांच कर रही है.नुकसान का आंकलन किया जा रहा है.

## एक नजर में



### देवेंद्र सिंह राजपूत को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत,दमोह.** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय देवेंद्र सिंह राजपूत के दु:खद निधन पर सिद्धार्थ भैया मित्र मंडल द्वारा नीलकमल गार्डन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया.सभा में दमोह विधायक जयंत मलैया,भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, सिद्धार्थ मलैया सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व मित्रगण उपस्थित रहे.सभी ने स्व.देवेंद्र सिंह राजपूत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने उनके संगठन के प्रति समर्पण और सामाजिक कार्यों को याद किया.

### फुटेरा वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा में मना गोवर्धन उत्सव



नवभारतदमोह। श्री बांके बिहारी ताम्रकार मंदिर फुटेरा वार्ड में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्री गोवर्धन पूजा का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया.कथा वाचक पंडित राजेश तिवारी ने गिर्राज महाराज की कथा का श्रवण करायाइस अवसर पर गिर्राज महाराज की भव्य झांकी सजाई गई, जिसका श्रृंगार सीताराम सोनी दमोह द्वारा किया गया.कथा श्रवण के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे और भक्तिमय माहौल में कथा का आनंद लिया.

### सिटी कोतवाली श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव में सुंदरकांड, हवन व भंडारे का आयोजन



एसपी ने किए दर्शन और प्रसाद ग्रहण किया

**नवभारत,दमोह.** सिटी कोतवाली परिसर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का सोमवार को वार्षिक उत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया. कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि वर्ष 2009 में तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा श्री हनुमान जी की प्रतिष्ठा कराई गई थी. सोमवार प्रात: 8 बजे से सुंदरकांड, पूजन व हवन का आयोजन किया गया. इसके उपरांत विशाल भंडारा आयोजित हुआ।वर्तमान थाना प्रभारी मनीष कुमार ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन व हवन किया। मंदिर पुजारी पंडित अजय गर्ग ने पूजा संपन्न कराई।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस),सीएसपी एचआर पांडे भी पहुंचे.उन्होंने हनुमान जी के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों, पत्रकार, हिन्दू संगठन एडवोकेट व पुलिस स्टाफने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ लिया.



## कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, झूठी शिकायत की निष्पक्ष जांच की मांग

**नवभारत,दमोह.** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी आनंद कलादगी (आईपीएस) को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में राजकुमार दुबे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत को झूठा व कूटरचित दस्तावेजों पर आधारित बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है.जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कहा कि राजनीतिक द्वेष के चलते झूठी शिकायत कर प्रताड़ित किया जा रहा है.कांग्रेस ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की.इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## हिण्डोरिया पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कसा शिकंजा

**कोर्ट ने दो वाहन चालकों पर लगाया 26 हजार का जुर्माना**

**नवभारत,दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) के निर्देशन में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हिण्डोरिया पुलिस ने कार्रवाई की.एएसपी सुजीत भदौरिया व एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना हिण्डोरिया द्वारा दमोह-पटेरा मार्ग पर वाहन चेकिंग की गई.इस दौरान दो व्यक्ति अलग-अलग दो पहिया वाहनों से शराब पीकर वाहन चलाते मिले.एक मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 22 एमजे 5190 तथा दूसरी बिना नंबर की पल्सर थी.ब्रीथ एनालाइजर व मेडिकल परीक्षण में शराब पीने की पुष्टि होने पर थाना हिण्डोरिया में शुमार नंबर 01/26 व 02/26 अंतर्गत धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर दोनों वाहन जप्त किए गए.प्रकरण माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहां कोर्ट ने एक व्यक्ति पर 15,500 रुपये तथा दूसरे पर 10,500 रुपये कुल 26,000 रुपये का जुर्माना लगाया.



## तेन्दूखेड़ा पुलिस ने नाबालिग अपहृता को सागर से किया दस्तयाब

**नवभारत,तेन्दूखेड़ा/दमोह.** थाना तेन्दूखेड़ा पुलिस ने अपहरण के मामले में 11 दिन से लापता नाबालिग लड़की को सागर जिले से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया.14 मई 2026 को ग्राम बैलवाड़ा से एक नाबालिग लड़की को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी.थाना तेन्दूखेड़ा में अपराध क्रमांक 211/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, एएसपी सुधीर भदौरिया व एसडीओपी अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा ने टीम गठित की.

## टीआई नेहा गोस्वामी को पथरिया थाने की कमान

**एसपी आनंद कलादगी ने जारी किया आदेश,साइबर के बाद मिली नई जिम्मेदारी**



**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने सोमवार शाम आदेश जारी कर लाइन में पदस्थ टीआई नेहा गोस्वामी को पथरिया थाने का प्रभार सौंपा है.नेहा गोस्वामी पूर्व में बटियागढ़ थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ थीं. इसके बाद कुछ समय से वे साइबर सेल में कार्यरत थीं और उज्जैन में ट्रेनिंग कर रही थीं. ट्रेनिंग पूरी कर लौटने के बाद अब उन्हें पथरिया थाने की कमान मिली है.एसपी कार्यालय से जारी आदेश के बाद टीआई नेहा गोस्वामी जल्द ही पथरिया में कार्यभार संभालेंगी. जिले में महिला थाना प्रभारी के रूप में उनकी नियुक्ति को लेकर चर्चा है.

**जनसुनवाई | पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई, मौके पर किया निराकरण**

# लंबित आवेदनों की पारदर्शी जांच कर समय-सीमा में न्याय के दिए निर्देश



**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया मंगलवार को जनसुनवाई कर उन्होंने परेशान जनों की समस्याएं सुन संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए.इस दौरान पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी, महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान सहित साइबर सेल व अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे.एएसपी भदोरिया ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समय पर समाधान पुलिस की प्राथमिकता है.उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को शिकायतों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं.



## एसपी आनंद कलादगी ने हटा में सुनीं जनसमस्याएं

**नवभारत,हटा/दमोह.** जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर न्याय दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने थाना हटा में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया.एसपी कलादगी ने हटा अनुभाग के विभिन्न ग्रामों से आए फरियादियों की शिकायतें संवेदनशीलता के साथ सुनीं.मौके पर ही कई शिकायतों का निराकरण किया गया.जिन शिकायतों का तत्काल निपटारा नहीं हो सका, उन्हें संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को अग्रेषित किया गया. एसपी ने सभी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों की जांच पूरी तरह पारदर्शी हो और निश्चित समय-सीमा में पीड़ितों को न्याय मिले. साथ ही जनसुनवाई में आए आवेदनों की लगातार मॉनिटरिंग के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया. इस अवसर पर एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी, थाना प्रभारी सुधीर बेगी, शिकायत शाखा प्रभारी अंजलि अग्निहोत्री मौजूद रही.

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता, वृद्ध महिला को अपने पास बैठाकर पिलाया पानी-छाछ



नवभारत,दमोह। मंगलवार को जनसुनवाई में चंडीचौपरा निवासी वृद्ध महिला हरीबाई साहू अपनी समस्या लेकर पहुंची.कलेक्टर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए वृद्ध महिला को स्वयं की कुर्सी के बाजू में बैठाया और पानी व छाछ पिलाकर उनकी परेशानी सुनी.कलेक्टर ने तत्काल दूरभाष पर थाना प्रभारी जबेरा विकास चौहान से बात कर वृद्ध महिला की शिकायत का त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिलाया.

**नाम सुधार सूचना**

मैं राजनंदनी सोनी उम्र 19 वर्ष पिता गणेश प्रसाद सोनी निवासी वार्ड नं. 21 कोरबा (छ.ग.) हाल निवासी असाटी वार्ड नं. 1, दमोह तहसील व जिला दमोह (म.प्र.) निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँ :- (1) यह कि मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करती हूँ। (2) यह कि मेरे आधार कार्ड, 10वीं, 12वीं, की मार्कशीट, पेनकार्ड में मेरा नाम राजनंदनी सोनी पिता गणेश प्रसाद सोनी दर्ज है। मेरे पोस्ट आफिस में सुकन्या समृद्धि योजना के खाते में मेरे घर का नाम सारिका सोनी लेख हो गया था जो मेरा ही नाम है।(3) यह कि सारिका सोनी व राजनंदनी सोनी दोनों मेरे ही नाम हैं। इन दोनों नामों से मुझे जाना व पहचाना जाता है।(4) यह कि मैं अपने दो नामों के संबंध में यह शपथ प्रस्तुत कर रही हूँ।

स्थान : दमोह

दिनाँक : 13/05/2026

शपथकर्ता